भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

08.02.2023 के

तारांकित प्रश्न सं. 89 का उत्तर

उर्वरक रेक प्वाइंट्स

***89. श्रीमती राजश्री मल्लिक:**

श्री महेश साहू:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा सहित देश के विभिन्न भागों में प्लेटफॉर्म , ढके हुए शेड, बिजली, ट्रकों के लिए पहुंच मार्ग आदि जैसी सभी आवश्यक अवसंरचना के साथ उपलब्ध उर्वरक रेक प्वाइंट्स का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान ऐसी अवसंरचना के निर्माण के लिए आवंटित , जारी और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्याध रेक प्वाइंट्स पर अवसंरचना उपलब्ध न होने एवं उसके खराब होने के कारण उर्वरकों की आपूर्ति एवं उनका वितरण प्रभावित हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई संपरीक्षा कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या मंत्रालय द्वारा आवश्यक विद्युतीकरण के साथ उचित पहुंच मार्ग सुनिश्चित करने की संभावना है और यदि हां , तो सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

उर्वरक रेक प्वाइंट्स के संबंध में दिनांक 08.02.2023 को लोक सभा में श्रीमती राजश्री मल्लिक और श्री महेश साहू द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 89 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): भारतीय रेल में उर्वरकों की सम्हलाई के लिए लगभग 964 रेक पॉइन्ट्स हैं , जो देशभर में फैले हुए हैं। उर्वरकों के लदान और उतराई की सम्हलाई वाले रेक पॉइन्टों की राज्य-वार सूची परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ङ): देश में रेक पॉइन्टों पर अवसंरचनात्मक सुविधाएं सृजित करना या सुदृढ़ करना आवश्यकता आधारित सतत प्रक्रिया है। ऐसे रेक पॉइन्टों में वृद्धि करना अथवा सुधार लाना भी परिचालनिक अथवा साइट की व्यवहार्यता के अध्यधीन है। अवसंरचनात्मक सुविधाओं जैसे पहुंच मार्ग, रात के समय कार्गो की सम्हलाई हेतु पर्याप्त प्रकाश व्यसवस्था, कवर किए हुए शेड, ऊंचे प्लेटफॉर्म, कामगारों हेतु सुविधाओं आदि कार्यों में सुधार लाने के लिए समय-समय पर बजट में स्वीकृति दी जाती है। वर्तमान में रेलवे द्वारा रेक पॉइन्टों के कार्यों हेतु विशेष रूप से राज्य-वार डाटा नहीं रखा जाता है। यातायात सुविधाओं संबंधी कार्यों (योजना शीर्ष-16) के अंतर्गत शुरू किए गए कई कार्यों में से रेक पॉइन्ट भी एक कार्य है। प्रत्येक योजना शीर्ष हेतु केवल रेलवे-वार डाटा रखा जाता है।

(ग) और (घ): रेलवे द्वारा उर्वरकों की ढुलाई रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की आवश्यकताओं के अनुसार की जाती है। उर्वरकों की आपूर्ति और उसके वितरण के प्रभावित होने के बारे में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

*****

उर्वरक रेक प्वाइंट्स के संबंध में दिनांक 08.02.2023 को लोक सभा में श्रीमती राजश्री मल्लिक और श्री महेश साहू द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 89 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

उर्वरकों के रेक पॉइन्टों की राज्य/संघ-शासित प्रदेश-वार सूची:-

राज्य/संघ-शासित प्रदेश का नाम	उर्वरकों के रेक पॉइन्टों की संख्या
आंध्र प्रदेश	48
असम	36
बिहार	57
चंडीगढ़	1
छत्तीसगढ़	31
दादरा एवं नगर हवेली	3
दमन एवं दीव	2
दिल्ली	1
गोवा	1
गुजरात	38
हरियाणा	35
हिमाचल प्रदेश	6
जम्मू एवं कशमीर	23
झारखंड	17
कर्नाटक	43
केरल	21
मध्य प्रदेश	83
महाराष्ट्र	92
मणिपुर	1
मिजोरम	1
नागालैंड	1
ओडिशा	36
पुडुचेरी	1
पंजाब	59
राजस्थान	72
तमिलनाडु	36
तेलंगाना	29
त्रिपुरा	3
उत्तर प्रदेश	131
उत्तराखंड	11
पश्चिम बंगाल	45
कुल	964

******